
Q1. अर्जेन्टीना के पम्पा क्षेत्र की भौगोलिक विशेषताओं का वर्णन करें।

→ अर्जेन्टीना दक्षिण अमेरीका का दूसरा सबसे बड़ा देश है तथा पम्पा यहाँ विस्तृत शीतोष्ण घास के मैदान हैं। पम्पा शब्द का सामान्य अर्थ होता है - "समतल", अतः पम्पा शब्द अर्जेन्टीना के विस्तृत मैदानी भाग हेतु उपयुक्त भी प्रतीत होता है। अर्जेन्टीना की कुल कृषि भूमि का 80%, आबादी का 70%, विदेशी व्यापार की वस्तुएँ का 80% तथा समस्त पशुधन का भी 80% भाग पम्पा क्षेत्र में स्थित है। अतः पम्पा को अर्जेन्टीना का हृदय कहा जाता है। इसी संदर्भ में ऐसा कहा जाता है कि, " पम्पा प्रदेश ही अर्जेन्टीना है और अर्जेन्टाइना पम्पा है"। पम्पा क्षेत्र में आने वाले अर्जेन्टीना के राज्य निम्नलिखित हैं —

(i) पश्चिमी ब्यूनस आयरस
(ii) पूर्वि ला पम्पा
(iii) दक्षिणी पूर्वि सान लुइस
(iv) दक्षिणी करडावा
(v) दक्षिणी सैन्टफा
(vi) पश्चिमी एन्टर रियोज

(i) स्थिति एवं विस्तार :- इसका विस्तार 24° - 39° दक्षिणी अक्षांश एवं 58° - 70° पश्चिमी देशान्तरों के मध्य है। इस भाग का क्षेत्रफल लगभग 15 लाख वर्ग किमी है। जो अर्जेन्टीना के कुल क्षेत्रफल का लगभग 25 % है। इस भाग की लं० 700 km एवं चौ० 400 km है।





(ii) PHYSICAL STRUCTURE :- सम्पूर्ण प्रदेश समतल प्राय है। इसका निर्माण पूरन्व एवं पराग्वे नदियों के निक्षेपों से हुआ है। इस भाग की ढाल उत्तर से दक्षिण एवं पश्चिम से पूरब है। मैदान की समुद्र तल से औसत ऊँचाई 200m है। पश्चिमी भाग की ऊँचाई कुछ अधिक है क्योंकि वह एन्डिज का पर्वतपदीय क्षेत्र है।

(iii) CLIMATE :- यहाँ की जलवायु शीतोष्ण है। यहाँ शीत ऋतु में पम्पेरा हवा चलती है। दक्षिण पश्चिम भाग में पाला भी पड़ता है। गर्मी का औसत तापमान 23°c एवं जाड़े का 10°c है। पम्पा के उत्तरी-पूर्वी भाग में वार्षिक वर्षा 100 cm तथा दक्षिण-पश्चिम में 50 cm होती है। अधिकांश वर्षा ग्रीष्म ऋतु में होती है, जाड़े में चक्रवातों से थोड़ी वर्षा होती है। वर्षा पूर्व से पश्चिम की ओर कमती जाती है।

Scanned with CamScanner

(iii) VEGETATION:- यहाँ Natural vegetation के रूप में अल्फा-फा घासें हैं। उत्तरी भाग घाटियों में घने वन मिलते हैं। अब अधिकांश क्षेत्रों से घासों को साफ कर फल, सब्जी आदि की खेती की जाने लगी है।

(iv) AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY:- यह दोनों ही अर्जेन्टीना पम्पा के मुख्य व्यवसाय हैं। इस भाग में उपजाऊ चरनोजम मिट्टी पाई जाती है। पूर्ण प्रदेश समतल है एवं वर्षभर जल पूरित रहने वाली नदियाँ हैं। अतः कृषि हेतु अत्यंत उपयुक्त है। गेहूँ यहाँ की सर्व प्रमुख फसल है। देश का सारा व दक्षिण अमेरिका का दो तिहाई गेहूँ यहाँ उत्पन्न होता है। उ० पू० भागों में चावल, मक्का, जौ, गन्ना व कपास उत्पन्न किया जाता है। यहाँ अनेक प्रकार की सब्जीयों एवं फलों की भी खेती की जाती है। केवल उत्तर पश्चिमी दलदली भाग ही कृषि व पशुपालन के अयोग्य हैं। यहाँ ट्रक फार्मिंग का बहुत विकास हुआ है।




यह क्षेत्र पशुपालन में अग्रणी है। यहाँ यूरोप से उन्नत नस्ल वाले पशुओं का आयात कर, तार के बाड़ों से घेर कर बड़े पैमाने पर पशुपालन किया जाता है। यहाँ चारे के लिए अल्फाल्फा घास और परिवहन के लिए जलयान व रेलमार्गों की सुविधा है। माँस के उत्पादन व निर्यात में यह क्षेत्र सबसे आगे है। यहाँ कुल चौपायों

Scanned with CamScanner

की सं० 5 करोड़ से भी ज्यादा है। माँस के अलावे इस क्षेत्र से दूध, मक्खन, पनीर, व चमड़ा भी निर्यात होता है।

(v) POPULATION :- अर्जेन्टीना की कुल आबादी का 75% इस क्षेत्र में निवास करता है। यहाँ का जनसंख्या घनत्व 50 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। यहाँ की 83% आबादी नगरीय है। क्षेत्र के पश्चिमी भाग में जनसंख्या का घनत्व कम है।

(vi) INDUSTRIES :- खनिजों के अभाव में यहाँ भारी धात्विक उद्योगों का विकास नहीं हो सका है। यहाँ के अधिकांस उद्योग कृषि एवं पशुपालन आधृत हैं। जैसे - सूति व ऊनी वस्त्र उद्योग, चमड़ा उद्योग, चीनी उद्योग इत्यादि। ब्यूनस आयर्स सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र है। लाप्लाटा में जलयान व तेलशोधन उद्योग विकसित है।

(vii) COMMUNICATION :- इस प्रदेश में यातायात के साधनों का भरपूर विकास हुआ है। यहाँ रेल मार्गों के कुल लंबाई 2001 में 35000 km थी। बाहियाब्लंका, ब्यूनस आयर्स, रोजेरियो आदि मुख्य रेलवे जंक्शन है। प्रान्तिय व राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 2 लाख 30 हजार km है। पश्चिमी भागों में उच्च भूमि होने के कारण परिवहण साधनों का पूर्ण विकास नहीं हो सका है। यह क्षेत्र दक्षिण अमेरीका का सबसे अधिक यातायात ~~साधन~~ साधन सम्पन्न क्षेत्र है।

(viii) TRADE :- विश्व व्यापार का 20% गेहूँ, 25% माँस, 33% चमड़ा, 66% मक्का, तथा 75% फ्लैक्स इसी क्षेत्र से निर्यात किया जाता है। लाप्लाटा, बाहियाब्लंका, ब्यूनस आयर्स तीनों यहाँ के सर्वप्रमुख बन्दरगाह है।

Scanned with CamScanner